सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## पंचदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 05 पौष 1936 (श०) / 26 दिसम्बर, 2014 (ई०)

**प्रश्नों की कुल संख्या 90**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 39 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 38 |
| (3) पर्यटन विभाग | .. | .. | 01 |
| (4) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 08 |
| (5) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 03 |
| (6) विधि विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 90 |

नामांकन प्रारंभ कराना

*230. श्री संजय सरावगी--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 3 दिसम्बर, 2014 के अंक में शीर्षक ''चार आयुर्वेद कॉलेजों में इस साल भी दाखिला नहीं'' अन्तर्गत समाचार को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के चार राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज (दरभंगा, बेगूसराय, भागलपुर, बक्सर) में भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् की आपत्तियों के निराकरण नहीं होने के कारण पिछले 10 सालों से नामांकन बन्द है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज बन्द रहने के कारण राज्य के सैकड़ों गरीब छात्र जो बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडीसीन एण्ड सर्जरी (बी0 ए0 एम0 एस0) की शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, वह उक्त शिक्षा हासिल करने से वंचित रह जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन आयुर्वेदिक कॉलेजों में भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् की आपत्तियों का निराकरण कर नामांकन प्रारंभ कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना

*231. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखण्डान्तर्गत बखरी पंचायताधीन ग्राम-बलुआ टोला के इर्द-गिर्द 4-5 कि0 मी0 के क्षेत्रफल में एक भी स्वास्थ्य केन्द्र/उप-केन्द्र स्थापित नहीं होने से पंचायतवासियों को काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में स्वास्थ्य केन्द्र/उप-केन्द्र की स्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*232. श्री रामेश्वर प्रसाद--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बैकुंठपुर थाना के चमनपुरा गाँव के मंदिर से दिनांक 17 दिसम्बर, 2011 को कीमती मूर्ति चोरी हो गयी, किन्तु न तो उस मूर्ति को बरामद किया गया है न ही उक्त मंदिर के सुरक्षा हेतु कोई कारंवाई की गयी है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

मरीजों को बेहतर सुविधा देना

*233. श्री संजय सिंह टाइगर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत सदर अस्पताल, आरा आई0 एस0 ओ0 मान्यता प्राप्त अस्पताल है ;

(2) क्या यह बात सही कि इस अस्पताल में इलाज कराने वाले मरीजों को जाँच के लिये भुगतान करना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि अस्पताल से दवा नहीं मिलने के कारण मरीजों को बाजार से दवा खरीदना पड़ता है ;

(4) क्या यह बात सही है कि आई0 एस0 ओ0 प्राप्त इस अस्पताल में सफाई, शौचालय एवं पानी की सुचारू व्यवस्था नहीं रहने के कारण मरीजों को काफी कठिनाई होती है ;

(5) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

विद्युतीकरण कराना

*234. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 में सरकार ने यह निर्णय लिया है कि राज्य के प्रत्येक गाँव का विद्युतीकरण किया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखण्डान्तर्गत ग्राम पंचायत अकिलपुर एवं सोनपुर प्रखंड के ग्राम-रयसापुर, बरियारचक, गरिवापट्टी एवं सिधिंनपुर गाँवों का विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

विद्युतीकरण कराना

*235. श्री कृष्णनंदन पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत हरसिद्धि प्रखण्ड के पन्नापुर, रंजिता पंचायत के धनखरैया, बाबु टोला एवं हरसिद्धि, पकड़िया पंचायत के मौजे पकड़िया में विद्युतीकरण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामों में कबतक विद्युतीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

व्यवस्था करना

*236. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि डी० एम० सी० एच०, लहेरियासराय के रेडियोलॉजी विभाग में अधिष्ठापित कलर डपलर मशीन एवं सभी सरकारी अल्ट्रासाउन्ड मशीन खराब है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में मरीजों का अल्ट्रासाउन्ड जाँच आपूर्तिकर्ता के द्वारा उधार दी गयी, अल्ट्रासाउन्ड मशीन के सहारे हो रहा है, परन्तु बहुत मरीज इस जाँच से वंचित रह जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी मरीजों को अल्ट्रासाउन्ड जाँच हेतु कारगर व्यवस्था कबतक करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

योजना में शामिल करना

*237. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत सरकार का राज्य के सभी ग्रामों/टोलों में बिजली पहुँचाने का लक्ष्य है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के थरथरी प्रखण्ड के श्रीनगर, ढेकहा पर, थानू बिगहा, केनुआपर, गंजपर, ढिबरापर, अतबलचक तथा शेखपुरा डीह आदि आठ ग्राम उक्त योजना में शामिल नहीं है, यदि हाँ, तो वर्णित योजना में शामिल करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

स्वास्थ्य भवन की मरम्मती

*238. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत अमैया के चाखण्ड ग्राम में स्वास्थ्य भवन जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य भवन का मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

विद्युतीकरण कराना

*239. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत पिपरासी प्रखण्ड के मदरहवा, बलुआ, वीरता, मंझरिया आदि गाँवों में आजादी के बाद भी आजतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

------

कार्रवाई करना

*240. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत 1988-89 में गंगा नदी के कटाव से विस्थापित लक्ष्मीपुर, कमालपुर, मदारीचक पंचायतों के 319 परिवारों के लिये मौजा कुमारीपुर, थाना नं0 274, खाता नं0 632, खेसरा न0 1032, 1033, 1034 एवं 1044, रकबा 15.88 डीसमिल भूमि अर्जित करने की अनुशंसा जिला पदाधिकारी, कटिहार ने अपने पत्रांक 611, दिनांक 20 सितम्बर, 2014 द्वारा आयुक्त, पूर्णियाँ प्रमण्डल से की है, जिन्होंने अपनी अनुशंसा पत्रांक 4513, दिनांक 30 सितम्बर, 2014 के माध्यम से प्रधान सचिव, आपदा प्रबंधन, बिहार, पटना को भेज दी है, यदि हाँ, तो अबतक कार्रवाई नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

------

कार्रवाई करना

*241. श्री (मो0) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के प्रखंड बहादुरगंज के पंचायत डोहर में पंचायत राज्य सरकार भवन का निर्माण कार्य में संबंधित पदाधिकारी की मिलीभगत से संवेदक द्वारा भारी अनियमितता बरती गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा भवन निर्माण में प्राक्कलन के विरुद्ध घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऐसे दोषी संवेदक के विरुद्ध उच्चस्तरीय जाँच करवाकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कठिनाई दूर करना

*242. श्रीमती रश्मि वर्मा--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चंपारण जिला के नरकटियागंज को अनुमंडल का दर्जा प्राप्त होने के बावजूद अनुमंडल न्यायालय का भवन निर्माण आजतक नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अनुमंडल के न्यायालय परिसर में फूस की झोपड़ी में वकील, मुख्तार एवं आम जनता को बैठकर न्यायालीय संबंधित कार्य करना पड़ता है, यदि हाँ, तो इस कठिनाई को दूर करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

--------

जीर्णोद्धार करना

*243. श्री रामावतार पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखंड मुख्यालय के 30 बेड का रेफरल अस्पताल जो 5 वर्षों से जर्जर होने के कारण रेफरल अस्पताल के मरीजों का इलाज पी0एच0सी0 भवन, अंधराठाढ़ी में चल रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त रेफरल अस्पताल भवन का जीर्णोद्धार कर मरीजों का इलाज पुन: रेफरल अस्पताल में कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रशिक्षण केन्द्र खोलना

*244. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम सदर अस्पताल में सन् 1984-85 में ए0एन0एम0 प्रशिक्षण केन्द्र चल रहा था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सासाराम सदर अस्पताल में ए0एन0एम0 प्रशिक्षण केन्द्र पिछले 25 वर्षों से बन्द है;

(3) क्या यह बात सही है कि ए0एन0एम0 प्रशिक्षण केन्द्र कर्मचारी आज भी सदर अस्पताल में कार्यरत हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रोहतास जिला के सदर अस्पताल में ए0एन0एम0 प्रशिक्षण केन्द्र खोलने पर विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि मुहैया कराना

*245. श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 16 अक्टूबर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''एच0आई0वी0 पीड़ितों का दर्द कम नहीं कर रही योजना'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में एच0आई0वी0 पीड़ित लोगों की संख्या 70 हजार है इनमें से करीब 45 हजार संक्रमित लोग राज्य के ए0आर0टी0 स्तरों पर पंजीकृत हैं तथा गम्भीर रूप में 21 हजार पीड़ित नियमित रूप से एंटी रेट्रोवायरल ड्रग्स (ए0आर0वी0) दवा ले रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि एच0आई0वी0 पीड़ितों के दर्द को कम करने के लिये राज्य सरकार 2013 में भरण-पोषण योजना कैबिनेट से मंजूरी दी जिसमें 15 सौ रुपया प्रतिमाह देने का प्रावधान किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो एक वर्ष बीतने के बावजूद भी पीड़ितों को राशि मुहैया नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

विद्युत् कनेक्शन देना

*246. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत बैदा ग्राम पंचायत के नयाटोला, देवा-लक्ष्मीपुर, बैदा और डुमरिया के ग्रामीणों को विद्युत् सुविधा उपलब्ध नहीं है, जबकि बगल के गाँव रोशना और महादेवपुर में विद्युत् आपूर्ति की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तीन महीना पूर्व शिविर में उक्त गाँव के 200 से अधिक उपभोक्ताओं ने उपभोक्ता बनने के लिये अपना नामांकन करा लिया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामवासियों को विद्युत् कनेक्शन की सुविधा प्रदान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण कराना

*247. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आर० जी० जी० भी० वाई० योजना के तहत गोपालगंज जिले के बैकुण्ठपुर, सिधवलिया एवं बरौली प्रखंडों के 121 गाँव के विद्युतीकरण हेतु वर्ष 2014-15 में निविदा प्रकाशित की गई है, जिसमें निम्न गाँव प्यारेपुर, खैराआजम, धर्मवारी, कतालपुर चिउटहाँ, हमीदपुर, मड़वा, बंगरा, कृतपुरा एवं चमनपुरा सहित 26 गाँव का नाम शामिल नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बैकुण्ठपुर प्रखंड के प्यारेपुर, खैराआजम, धर्मवारी, कतालपुर चिउटहाँ, हमीदपुर, मड़वा, बंगरा, कृतपुरा एवं चमनपुरा सहित 26 गाँव जो विद्युतीकरण से वंचित है, की निविदा का प्रकाशन नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खंड (2) में अंकित वंचित गाँवों में सरकार कबतक विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सब-स्टेशन का निर्माण कराना

*248. श्री पदम पराग राय 'वेणु'--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के रेणुगाँव में पावर सब-स्टेशन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि फारबिसगंज सब-स्टेशन से रेणुगाँव की दूरी 25 किलो मीटर है तथा फारबिसगंज से रेणुगाँव तक का बिजली का तार जर्जर होने के कारण हमेशा टूट जाते हैं एवं सब-स्टेशन से लो भोल्टेज की समस्या बराबर बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रेणुगाँव में सब-स्टेशन का निर्माण तथा उक्त समस्या का निदान कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् सुविधा उपलब्ध कराना

*249. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के गोराडीह प्रखंड के ग्राम-गंगटी में हटिया रोड, गंगटी में अनुसूचित जाति के करीब साठ परिवारों को बिजली की लाइन अबतक नहीं मिल पायी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पिछले दो वर्ष पूर्व ही इन सभी अनुसूचित जाति के लोगों ने प्रतिभूति की राशि विद्युत् लाइन लेने हेतु कार्यपालक अभियंता, विद्युत्, भागलपुर के कार्यालय में जमा करवा दी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अबतक इन अनूसचित जाति परिवारों को बिजली लाइन नहीं मुहैया कराने का क्या औचित्य है तथा क्या सरकार इन परिवारों को बिजली की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

भवन का निर्माण

*250. श्री संजय सिंह (टाइगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कोइलवर मानसिक आरोग्यशाला में मरीजों के लिये 60-60 बेड का तीन अस्थायी शेड का निर्माण बिहार मेडिकल सर्विसेज एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा नवम्बर, 2014 में 2 करोड़ 93 लाख रुपये की लागत से कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अस्थायी शेड का अधिकतम आयु दस वर्ष से भी कम होता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा इतनी बड़ी लागत से स्थायी भवन का निर्माण न कराकर अस्थायी शेड का निर्माण कराने का क्या औचित्य है ?

--------

राशि लेने का औचित्य

*251. श्री सुबोध राय-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत माननीय सदस्यों को अपने क्षेत्र में खराब पड़े ट्रांसफॉर्मरों को बदलने की ही राशि की अनुशंसा करनी है तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर का खर्च विभागीय स्तर पर होना है, यदि हाँ, तो भागलपुर, बाँका सहित पूरे राज्य में इन्फ्रास्ट्रक्चर के खर्च के नाम पर आम जनता से राशि लेने का क्या औचित्य है ?

--------

भुगतान करना

*252. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि चालू वित्तीय वर्ष में आये भयंकर बाढ़ में नवादा जिला के पकरीबरावाँ प्रखंड के ग्राम-छतरवार, वलियारी, धेवधा सहित पूरे जिले के हजारों एकड़ धान की फसल बर्बाद हो गयी है, परन्तु पीड़ित कृषकों को किसी प्रकार की सहायता नहीं मिल पायी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बाढ़ पीड़ित कृषकों को फसल बर्बादी का मुआवजा चालू वित्तीय वर्ष में भुगतान करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण कराना

*253. श्री मुजाहिद आलम-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड में मजकरी पश्चिम एवं पुरन्दाह पश्चिम टोला का अबतक विद्युतीकरण नहीं हो पाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों टोला कनकई नदी के पश्चिम अररिया जिला सीमा पर अवस्थित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों टोलों का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण कराना

*254. श्री अमरेन्द्र कुमार पांडेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत प्रश्नकर्ता विधायक द्वारा वर्ष 2013 में ही गोपालगंज जिले के कुचायकोट प्रखण्ड एवं पंचदेवरी प्रखण्ड में बिजली का तार-पोल एवं ट्रांसफॉर्मर लगवाने हेतु अनुशंसा की गयी थी, यदि हाँ, तो क्या सरकार शीघ्र उन अनुशंसित एवं स्वीकृत योजनाओं का कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

भुगतान करना

*255. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अंचल कार्यालय, खगड़िया के क्रमांक 59/98-99 द्वारा मथार पंचायत में पिपड़ा ढ़ाव से एन०एच० 31 तक 10 अगस्त, 1998 से 30 सितम्बर, 1998 तक नाव परिचालन के लिये 29 अगस्त, 1998 को परवाना निर्गत किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अवधि में नाव परिचालन के लिये नाव मालिक एवं मल्लाह के पारिश्रमिक का भुगतान अबतक लम्बित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नाव मालिक एवं मल्लाह के लम्बित पारिश्रमिक का भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

मशीन ठीक कराना

*256. श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 2 अक्तूबर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''पी०एम०सी०एच० में एच०आई०वी० पीड़ितों की जाँच हुई बंद'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना स्थित पी०एम०सी०एच० के माइक्रो-बायोलॉजी विभाग में एच०आई०वी० पीड़ितों की सी०डी० काउंट 4 की जाँच के लिये चार साल पूर्व मशीन स्थापित की गई थी, जो रख-रखाव के कारण विगत दो महीने से खराब पड़ा हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि पी०एम०सी०एच० के ए०आर०टी० सेन्टर में एच०आई०वी० रोग से पीड़ित 11 हजार 114 मरीज से ज्यादा पंजीकृत है, जिसकों छ: माह पर नियमित सी०डी० काउंट 4 की जाँच की आवश्यकता होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त हजारों मरीजों के सी०डी० काउंट 4 जाँच हेतु अभीतक मशीन की तकनीकी खराबी दूर नहीं करने का क्या औचित्य है ?

----------

औचित्य बतलाना

*257. श्री छोटे लाल राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड, परसा एवं दरियापुर में यूनानी एवं होमियोपैथिक चिकित्सालय नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को देशी चिकित्सा का लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

मुआवजा देना

*258. श्री सुबाष सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के गोपालगंज प्रखण्ड के कठघरवा पंचायत एवं मलाहीटोला पंचायत में वर्ष 2014 में आयी बाढ़ से कटावग्रस्त हुये परिवारों को फसल क्षति एवं गृह क्षति का मुआवजा अभीतक प्राप्त नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि आपदा प्रबंधन विभाग के पत्रांक 3586, दिनांक 29 सितम्बर, 2014 द्वारा भी जिलाधिकारी, गोपालगंज को मुआवजा हेतु निर्देश दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों पंचायत के कटावग्रस्त परिवारों को फसल क्षति एवं गृह क्षति का मुआवजा देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

औचित्य बतलाना

*259. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर में विद्युत् आपूर्ति की जिम्मेदारी एस्सेल विद्युत् वितरण कम्पनी लिमिटेड को दी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि वितरक कम्पनी द्वारा बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड के द्वारा लगाये गये सही मीटर को बदला जा रहा है और गलत मीटर लगाया जा रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है?

---------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*260. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला काराकाट विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत काराकाट प्रखण्ड के ग्राम-अमौना भरेडथा, लेवा एवं समहुता मठिया में मुख्य मंत्री क्षेत्रीय विकास योजना के तहत प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा वित्तीय वर्ष 2014-15 में ट्रांसफॉर्मर लगाने हेतु की गई अनुशंसा के बावजूद भी अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*261. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिधवलिया को 30 शैय्या सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने हेतु बी०एम०एस०आई०सी०एल० द्वारा 3,94,34,374 रुपये की लागत से निर्माण हेतु दिनांक 17 जून, 2014 को एन०आई०टी० नं० बी०एम०एस०आई०सी०एल०/इन्फ्रा/22/2014 को निविदा प्रकाशित की गई थी तथा निविदा का निष्पादन की तिथि 21 जुलाई, 2014 निर्धारित की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि बी०एम०एस०आई०सी०एल० के द्वारा 21 जुलाई, 2014 तक निविदा के निष्पादन नहीं किये जाने के कारण कार्य का आवंटन नहीं हो सका जिससे अबतक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिधवलिया का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सिधवलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण सरकार कबतक कराने का विचार रखती है ?

पूर्ण कराना

*262. श्री अजय कुमार बुलगानीन- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना अन्तर्गत वर्ष 2006 तक राज्य के सभी ग्रामों तक विद्युत् मुहैया कराने का सरकार का लक्ष्य था ;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत पटोरी प्रखंड के मोहिउद्दीन नगर निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आनेवाली नौ पंचायतों, मोहनपुर प्रखण्ड के सभी ग्यारह पंचायत एवं मोहिउद्दीन नगर प्रखण्ड के छः पंचायतों के विद्युतीकरण का कार्य श्यामा पावर के द्वारा 2009 से कराया जा रहा है लेकिन आजतक 50-60 प्रतिशत कार्य ही पूरा हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (2) में वर्णित पंचायतों में विद्युतीकरण कार्य को ससमय पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*263. डॉ० अच्युतानन्द- दैनिक समाचार पत्र के दिनांक 31 अक्टूबर, 2014 के अंक में छपी खबर शीर्षक ''अनुशंसा के बाद भी नहीं लगे सूबे में एक तिहाई ट्रांसफॉर्मर'' के आलोक में क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2014-15 में राज्य विधान मंडल के माननीय सदस्यों द्वारा राज्य में 5,917 ट्रांसफॉर्मर लगाने की अनुशंसा 6 महीने पूर्व में की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय पदाधिकारियों के कर्तव्य में शिथिलता बरतने के कारण राशि की उपलब्धता के बाद भी मात्र 1,795 ट्रांसफॉर्मर ही अभीतक लगाये गये हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कर्तव्य में लापरवाही बरतने के लिये दोषियों पर कार्रवाई करते हुये,सभी अनुशंसित ट्रांसफॉर्मरों को कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*264. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड के ग्राम-बढ़की रेगनिया, बेलासपुर, जमुआ तथा बारून प्रखंड के नकाईन, बतसपुर का ट्रांसफॉर्मर विगत छः माह से जला हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँवों का ट्रांसफॉर्मर बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

---------

विद्युतीकरण कराना

*265. श्री तारकिशोर प्रसाद- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना अन्तर्गत कटिहार जिला के कटिहार एवं हसनगंज प्रखण्ड अन्तर्गत बलुआ, पनसेखा, पारा, पर्रा, फरही, रक्सा, खैरा, तीनगछिया, बधवा, कोल, भांग टोला, संथाली पोखरिया, भारीडीह, सरदाही एवं पत्थलवाड़ी आदि ग्रामीण क्षेत्र में विद्युतीकरण एवं ऊर्जान्वयन का कार्य नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

पदस्थापित करना

*266. श्री रामनारायण मंडल क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के बाँका सदर अस्पताल में आँख, कान, नाक, हड्डी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण बाँका के लोगों को इन बीमारियों के इलाज हेतु काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बाँका सदर अस्पताल में उक्त विशेषज्ञों को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*267. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत मधुबनी प्रखण्ड के सोहमी बरवा, सिसई, भितहाँ प्रखण्ड के मानपुर एवं ठकरहाँ प्रखण्ड के श्रीनगर, हरदर आदि गाँवों के आजादी के बाद आजतक विद्युतीकरण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

जर्जर तार बदलना

*268. श्री कुमार शैलेन्द्र क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखण्ड के रायपुर, भवानीपुर, गनौल, मौजमा, नवटोलिया, भ्रमरपुर, महन्थ चौक से वीरवन्ना चौक तक नारायणपुर गाँव, नारायणपुर बाजार का तार जर्जर हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहपुर प्रखण्ड के हरिओ, मडवा, जयरामपुर, औलिया, दयालपुर, सोनवर्षा, बभनगामा, गौरीपुर, मिल्की, बिक्रमपुर, जमालपुर का तार जर्जर हो गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि खरीक प्रखण्ड के तेलघी, तुलसीपुर, कठेला, खरीक बाजार, ध्रुवगंज, भवनपुरा, चोरहर, बगड़ी का तार जर्जर हो गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों और बाजार के जर्जर तार को अविलंब बदलना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कीट की व्यवस्था

*269. श्री (डॉ०) इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 नवम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''पी०एम०सी०एच० व एन०एम०सी०एच० में डेंगू की जाँच नहीं'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के पी०एम०सी०एच० व एन०एम०सी०एच० में डेंगू मरीजों का (बड़े अस्पताल) एलाइजा टेस्ट नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना स्थित एन०एम०सी०एच० में डेंगू जाँच कीट विगत दो माह पूर्व खत्म हो गया है तथा सम्प्रति पी०एम०सी०एच० हॉस्पिटल में डेंगू के 29 मरीज इलाज के लिये पड़े हुये हैं तथा एन०एम०सी०एच० में डेंगू के 5 मरीजों को कीट के अभाव में 24 घंटे के भीतर लौटा दिया गया है, यदि हाँ, तो उक्त सुधार हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

विद्युतीकरण कराना

*270. डॉ० कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के अतरी प्रखंड के ग्राम-इमलियाचक, नरावट दक्षिणावारी भूनटोली, अबदीया टोला, रामपुर भूनटोली में अभीतक विद्युतीकरण नहीं है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

स्वा० केन्द्र स्थापित करना

*271. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखंड के पड़री ग्राम एवं गौड़ा बौराम प्रखंड अन्तर्गत कसरौर ग्राम में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण लोगों को चिकित्सा सेवा नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों ग्रामों के लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु स्वास्थ्य केन्द्र कबतक स्थापित करने का विचार रखती है ?

---------

कार्रवाई करना

*272. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत रजौली विधान-सभा क्षेत्र के रजौली स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पाँच चिकित्सकों के जगह पर मात्र दो चिकित्सक पदस्थापित हैं और एक भी महिला चिकित्सक एवं ड्रेसर पदस्थापित नहीं हैं, यदि हाँ, तो उक्त पदा०/कर्म० का पदस्थापन हेतु सरकार कबतक कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---------

तार-पोल की व्यवस्था

*273. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह नतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया विधान-सभा क्षेत्र में मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना वर्ष 2013-14 में लगभग 30 की संख्या में 100 के०भी०ए० का ट्रॉसफॉर्मर लगाया गया है लेकिन कल्याणपुर प्रखंड के दिलावरपुर, दरमाहा, जगदीशपुर आदि केसरिया प्रखंड के चैरिया, खांपगोपालपुर, सारंगपुर, ताजपुर आदि संग्रामपुर प्रखंड के पूर्वी पकड़ी, मुरली, मटवलिया चौक आदि स्थलों पर पोल और तार की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को बिजली का लाभ नहीं मिल पा रहा है;

(2) यदि उक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ऐसे स्थानों पर पोल-तार की व्यवस्था कराकर अधिकाधिक उपभोक्ताओं को बिजली का लाभ दिलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण

*274. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने 2007 में सभी प्रखंडों में विद्युत् सब-स्टेशन बनाने का निर्णय लिया था;

(2) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला अन्तर्गत पिपरिया प्रखंड में विद्युत् सब-स्टेशन नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लखीसराय के पिपरिया प्रखंड में विद्युत् सब-स्टेशन बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियमावली बनाना

*275. श्री अभिराम शर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभागीय ज्ञापांक 492(5), दिनांक 30 अप्रील, 2013 द्वारा आयुष के अराजपत्रित पदों के लिये भर्ती/प्रोन्नति नियमावली बनाने हेतु एक समिति का गठन का आदेश दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि ज्ञापांक 486 (दे०चि०), दिनांक 22 मई, 2013 के द्वारा चार सदस्यीय समिति का गठन किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि डेढ़ वर्ष की अवधि बीत जाने के बावजूद अभीतक उक्त नियमावली का प्रारूप भी तैयार नहीं किया गया है, जिससे देशी चिकित्सक प्रक्षेत्र के अराजपत्रित पदों की भर्ती/प्रोन्नति प्रक्रिया लंबित है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त नियमावली बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

अस्पताल शिफ्ट करना

*276. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत सदर अस्पताल की सौ शय्या अस्पताल का निर्माण कार्य वर्ष 2012 में पूरा हो गया है लेकिन नवम्बर, 2014 तक उसमें अस्पताल शिफ्ट नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नवनिर्मित सौ शय्या अस्पताल भवन में अस्पताल शिफ्ट करने का विचार रखती है ?

---------

निर्माण कराना

*277. श्रीमती सुनिता सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, डुमरा का सरकारी जमीन उपलब्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं होने के कारण 5 वर्षों से भाड़ा के मकान में चल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा उपलब्ध कराना

*278. श्रीमती रश्मि वर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण के नरकटियागंज के अनुमंडलीय स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण के बाद भी इस अस्पताल को बेड और चिकित्सीय सुविधा प्राप्त नहीं है, यदि हाँ, तो इस हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

------------

इन्दिरा आवास उपलब्ध कराना

*279. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विगत चालू वित्तीय वर्ष में आयी भयंकर बाढ़ में नवादा जिला के पकरीवरावाँ प्रखण्ड के ग्राम-वलियारी, छतरवार, धेवधा सहित पूरे जिले के हजारों गरीबों का मिट्टी का घर ध्वस्त हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाढ़ पीड़ित इस भयंकर ठण्ड में खुले आसमान में रहने को विवश हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गृहविहीन बाढ़ पीड़ितों को चालू वित्तीय वर्ष में इन्दिरा आवास स्वीकृत करवाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

------------

चिकित्सक के पद का सृजन करना

*280. डॉ0 प्रमोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मंत्रिपरिषद् के दिनांक 18 अक्तूबर, 2011 की बैठक में न्यू गार्डिनर रोड, अस्पताल, पटना को इंडोक्रीनोलॉजी, नेफ्रोलॉजी एवं हीमोफीलिया अस्पताल के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया और उसी के अनुरूप इंडोक्रीनोलॉजी एवं नेफ्रोलॉजी में कुल 27 पदों का सृजन किया गया परंतु हीमोफीलिया के चिकित्सक के पद की स्वीकृति नहीं हो पायी, यदि हाँ, तो क्या सरकार हीमोफीलिया के चिकित्सक के पद का सृजन न्यू गार्डिनर रोड अस्पताल, पटना हेतु करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

चालू कराना

*281. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के जगदीशपुर विधान-सभा क्षेत्र में नहर से सिंचाई किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि जगदीशपुर विधान-सभा क्षेत्र के बरनाव, कुसुमा, कहेर, मैदापुर, मनेया सहित 100 गाँव में निजी नलकूप है लेकिन बिजली के अभाव में नलकूप चालू नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव के निजी नलकूप को बिजली का पोल, तार एवं ट्राँसफॉर्मर लगाकर चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## प्रतिनियुक्त करना

*282. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत सरमेरा प्रखंड के प्यारेपुर, सदहा तोड़ा आदि स्वास्थ्य उप-केन्द्रों में पूर्व से पदस्थापित ए0 एन0 एम0 का प्रतिनियोजन अन्य प्रखंडों में हो जाने के फलस्वरूप उक्त वर्णित स्वास्थ्य उप-केन्द्रों में ग्रामीणों को इलाज आदि कराने में भारी कठिनाइयों को सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में ए0 एन0 एम0 की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## नियुक्ति करना

*283. श्री अब्दुल गफुर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1)क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला में कुल 95 चिकित्सकों का पद विभिन्न अस्पतालों में स्वीकृत है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वीकृत पदों के विरुद्ध केवल 33 चिकित्सक कार्यरत रहने के कारण जिला के कई अस्पताल बन्द पड़े हैं तथा रोगियों का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार जिला के कुल स्वीकृत पदों के विरुद्ध चिकित्सक नियुक्त करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## स्थायी पोल लगाना

*284. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के नगर परिषद् अन्तर्गत वार्ड नं0 1 लेहरियागंज में 100 विद्युत् उपभोक्ताओं द्वारा बांस-बल्ला गाड़कर बिजली की आपूर्ति ली जा रही है जिससे हर समय जानमाल का खतरा बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जगह पर स्थायी पोल गाड़कर विद्युत् की आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

## विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करना

*285. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के गोराडीह प्रखण्ड के ग्राम मुरहन में वर्ष 1962-63 में लगे लकड़ी के बिजली पोल अत्यंत जर्जर एवं प्राय: सभी के सभी सड़े एवं टूटे हुए हैं, जिसके कारण विद्युत् आपूर्ति प्राय: बाधित होती रहती है;

(2) क्या यह बात सही है कि इसी गाँव में समाज के अत्यंत निर्धनतम अनुसूचित जाति के पन्द्रह परिवारों को पोल के अभाव में बिजली की सुविधा अबतक नहीं मिल पा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम मुरहन में लकड़ी के पोल के बदले कंक्रीट या लोहे के पोल के साथ ही साथ अनुसूचित जाति के पन्द्रह परिवारों को बिजली मुहैया कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा देना

*286. श्री ललित कुमार यादव क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला में मनीगाछी प्रखण्डान्तर्गत पंचायत राघोपुर पश्चिमी में आये हुदहुद तूफान 15 अक्टूबर, 2014 को ग्राम कुरियानी, नारायणपुर, महतो टोला, राघोपुर पश्चिमी में मुसहरी टोला, सहनी टोला, मंडल टोला, नीलाथाव् टोला आदि आदि में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित गरीब बेघर हो गये, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रभावित गाँवों के ग्रामीणों को मुआवजा एवं मकान देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बिजली उपलब्ध कराना

*287. डॉ० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 23 नवम्बर, 2014 के अंक में छपी खबर ''बिजली पूरी फिर भी रोशनी अधूरी'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि वर्तमान समय में राज्य में बिजली की उपलब्धता 2400 से 2600 मेगावाट है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता के बाद भी राज्य में अनुमंडलों एवं कस्बों में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति नहीं की जा रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो बिजली की पर्याप्त उपलब्धता रहने के बाद भी अनुमंडलों एवं कसबे को 24 घंटे बिजली उपलब्ध नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

विद्युतीकरण कराना

*288. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत नारायणपुर प्रखण्ड के बैकटपुर, दुधैला एवं शहजादपुर पंचायत में अभीतक बिजली नहीं पहुँच पाई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों पंचायतों में बिजली नहीं रहने के वजह से वहाँ के आमजनों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों पंचायतों में विद्युतीकरण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

योजना में शामिल करना

*289. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर एवं बारुन प्रखंड में राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण का दूसरे फेज का कार्य प्रारंभ हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना में नवीनगर प्रखण्ड के रजवरिया टोला, कान्दु बिगहा, खेदन बिगहा, ग्राम-दर्मी खुर्द, तोल वाड़ बिगहा, बभटडीहा, रघुनाथ गंज आदि तथा बारुन प्रखंड के कंचनपुर पंचायत के फालतु बिगहा, महावीर गंज, गौठौली पंचायत के भरत बिगहा, सुखराम बिगहा आदि दर्जनों टोला का नाम दर्ज नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छूटे हुये गाँव एवं टोलों को उक्त योजना में शामिल करने का विचार रखती हैं, यदि हाँ, तो कबतक ?

औचित्य बतलाना

*290. श्री तारकिशोर प्रसाद - क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, कटिहार में आई०सी०यू० में तीन भेन्टीलेटर एवं अन्य उपस्कर देकर चालू किया गया था, परन्तु इसका उपयोग सामान्य वार्ड के रूप में किया जा रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

संसाधन उपलब्ध कराना

*291. श्रीमती सुनीता सिंह - हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 नवम्बर, 2014 को प्रकाशित समाचार शीर्षक "आयुर्वेदिक अस्पताल में नहीं है कोई सुविधा" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखण्ड के परसौनी खिरोधर पंचायत के भुल्ली गाँव में स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल में बदहाली की स्थिति बनी हुयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आयुर्वेदिक अस्पताल में संसाधन के नाम पर मात्र दो तीन प्रकार की दवा ही उपलब्ध है और जो जो भी दवा रहता है, उसपर धूल जमा रहता है जिस कारण मरीज दवा लेना नहीं चाहते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में सभी प्रकार की दवा एवं संसाधन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चालू कराना

*292. श्री विनय कुमार सिंह - क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखण्डान्तर्गत ग्राम रामदासचक एवं फकुली में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनकर तैयार हो जाने के बावजूद अभीतक कार्यरत नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसे चालू कराने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

विद्युत उपलब्ध कराना

*293. श्रीमती नीता चौधरी - क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड अन्तर्गत कटियारी ग्राम पंचायत के ग्राम-धपरी महादलित टोला में विद्युत की सुविधा अभीतक नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त महादलित टोला में विद्युत उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रॉंसफॉर्मर बदलना

*294. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत लगे 25 व 16 के0वी0ए0 के जले ट्रॉंसफॉर्मर को नवम्बर, 2014 तक बदलने की घोषणा की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि जले ट्रॉंसफॉर्मर नहीं बदले जाने के कारण बी0पी0एल0 परिवार बिजली सुविधा से वंचित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 16 व 25 के0वी0ए0 के जले ट्रॉंसफॉर्मर को बदलना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

अनुदान का भुगतान

*295. श्री(डॉ0) दाउद अली--क्या मंत्री, आपदा प्रबन्धन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन विभाग, बिहार के ज्ञापांक 358, दिनांक 29 जनवरी, 2014 द्वारा श्री पिन्टु कुमार, पिता सुरेन्द्र कुशवाहा, ग्राम+पो0-सलसला, प्रखण्ड-नावानगर, जिला-बक्सर तथा विशेष सचिव, आपदा प्रबंन्धन विभाग, बिहार के ज्ञापांक 3482, दिनांक 14 अगस्त, 2013 द्वारा कैशर आलम, पिता स्व0 अनवर अली, ग्राम+पो0-अरियाव, प्रखण्ड-डुमरांव, जिला-बक्सर के आकस्मिक मृत्यु पर अनुदान हेतु क्रमशः जिला पदाधिकारी, बक्सर एवं सचिव, ऊर्जा विभाग को यथोचित कार्रवाई करने का निदेश दिया परन्तु दिनांक 3 दिसम्बर, 2014 तक कोई कार्रवाई नहीं हुई ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त व्यक्तियों के आकस्मिक मृत्यु पर मिलने वाले अनुदान का भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

एम्बुलेंस ठीक कराना

*296. श्री (डॉ0) इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 29 सितम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''शव ले जाने में भी एम्बुलेंस सुविधा नहीं'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत डी0एम0सी0एच0 में शव ढोने के लिये दो एम्बुलेंस है पर दोनों एम्बुलेंस विगत छः माह से खराब पड़े हुये हैं, यदि हाँ, तो इसे ठीक कराकर कार्यरत करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

-------

जीर्णोद्धार करना

*297. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हनुमान नगर प्रखण्ड के पुअरिया पावर सब-स्टेशन की क्षमता का विकास किया जा रहा है परन्तु जमीन का अतिक्रमण जारी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर सब-स्टेशन का चहारदीवारी जर्जर है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पावर सब-स्टेशन के जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने तथा जर्जर चहारदीवारी का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अति0 स्वा0 केन्द्र खोलना

*298. डॉ0 कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के अतरी प्रखंड के ग्राम-चहल एवं खिजरसराय प्रखंड के ग्राम-होरमा में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों में रोगियों को 8 से 10 कि0मी0 दूर ले जाकर उपचार कराना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्राम-चहल एवं होरमा में एक-एक अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है; नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा उपलब्ध कराना

*299. श्री सचीन्द्र प्र0 सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के संग्रामपुर तथा कोरवा प्रखण्ड में स्वीकृत अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, उप-स्वास्थ्य केन्द्र का 5 वर्षों में एक भी भवन का निर्माण नहीं हो पाया है;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन के अभाव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा उप-स्वास्थ्य केन्द्र पर मरीजों को सुविधा नहीं प्राप्त हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में स्वीकृत स्वास्थ्य केन्द्रों का भवन बनवाकर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

व्यवस्था करना

*300. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम सदर अस्पताल में बेड की संख्या भर्ती होनेवाले मरीजों की तुलना में काफी कम है तो क्या सरकार सासाराम के सदर अस्पताल में 300 बेड की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

ट्राँसफॉर्मर बदलना

*301. श्री अजय कुमार बुलगानीन--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के सभी टुल्लु ट्राँसफॉर्मर को हटाकर 60 के0वी0 और 100 के0वी0 का ट्राँसफॉर्मर लगाने का सरकार का लक्ष्य था ;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत पटोरी प्रखण्ड के 15, मोहिउद्दीन नगर प्रखण्ड के 15 और मोहनपुर प्रखण्ड के 30 बी0पी0एल0 टुल्लु ट्राँसफॉर्मर कई महीनों से जले हुये हैं जिन्हें आजतक नहीं बदला गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि छः महीनों से भी ऊपर से बी0पी0एल0 परिवार को विद्युत् आपूर्ति नहीं हो रही है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (2) में वर्णित प्रखंण्डों के बी0पी0एल0 टुल्लु ट्राँसफॉर्मरों को बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चालू कराना

*302. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखंड के उसड़ी ग्राम में 6 बेड अस्पताल के भवन का निर्माण एक वर्ष पूर्व हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चिकित्सक, नर्स एवं कर्मचारी का पदस्थापन नहीं होने के कारण अस्पताल अभीतक चालू नहीं होने के कारण लोगों को चिकित्सा सुविधा नहीं मिल रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक अस्पताल चालू कराने का विचार रखती है ?

--------

ऊर्जान्वित करना

*303. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना की राशि द्वारा तरैया विधान-सभा क्षेत्र के प्रखंड पानापुर एवं इसुआपुर तथा तरैया के 74 गाँवों को ऊर्जान्वित हेतु जिला योजना पदाधिकारी, सारण ने अपने ज्ञापांक 706, दिनांक 11 दिसम्बर, 2013, ज्ञापांक 217, दिनांक 22 फरवरी, 2014, ज्ञापांक 438, दिनांक 6 अगस्त, 2014, ज्ञापांक 466, दिनांक 30 अगस्त, 2014 एवं ज्ञापांक 500, दिनांक 17 सितम्बर, 2014 द्वारा कार्यपालक अभियंता, विद्युत् आपूर्ति, कार्य प्रमंडल, छपरा पूर्वी, सारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों को ऊर्जान्वित नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों को ऊर्जान्वित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण कराना

*304. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत प्राणपुर प्रखंड के धरहन, रहिका, हुण्डैली पूरब टोला, हुण्डैली पश्चिम टोला सहित 150 गाँवों में विद्युतीकरण का कार्य अभीतक नहीं होने से वहाँ के लोग बिजली की सुविधा से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त गाँवों में विद्युतीकरण का कार्य कबतक कराने का विचार रखती है ?

--------

भुगतान करना

*305. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत जिला, अनुमंडलीय एवं प्रखंडस्तरीय अस्पतालों में टी0बी0 शाखा में संविदा पर कार्यरत कर्मियों का माह अप्रील, 2014 से सेवा विस्तार एवं मानदेय का भुगतान नहीं किये जाने से उक्त कर्मियों के अभाव में टी0बी0 रोग से ग्रसित मरीजों को काफी कठिनाइयाँ हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कर्मियों का सेवा विस्तार एवं बकाया मानदेय का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तार हटाना

*306. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दक्षिणी एवं पश्चिमी पटना के आर0एम0एस0 कॉलोनी, अशोक नगर, नवरतनपुर, बिग्रहपुर, जक्कनपुर के सघन एवं घनी आबादी के बीचों-बीच 33 के0वी0 की विद्युत् आपूर्ति लाइन पिछले 20 वर्षों से गुजर रही है जिसके कारण आये दिन कई लोग करेंट लगाने के शिकार हुये हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन इलाकों से गुजर रहे तारों को वहाँ से हटाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुनर्वासित करना

*307. श्री सुबाष सिंह--क्या क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत गोपालगंज प्रखंड के रामपुर टेंगराही पंचायत के धर्मपुर गाँव गंडक नदी के कट जाने के कारण विगत तीन वर्षों से विशुनपुर छड़की पर मुसहर एवं बांसफोड़ जाति के 150 परिवार खुले आसमान के नीचे रह रहे हैं ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विस्थापित परिवारों के पुनर्वास का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्त करना

*308. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के गरबनौली एवं श्रीनगर के सब-स्टेशन में बिजली कर्मी नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सब-स्टेशन में ट्रांसफॉर्मर का फ्यूज, बिजली का तार टूट जाने पर कर्मी के अभाव के कारण बिजली की आपूर्ति बहाल करने में काफी समय लग जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सब-स्टेशन (फिडर) में स्थायी बिजली कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

*309. श्री पदम् पराग राय 'वेणु'--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज विधान-सभा क्षेत्र के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जोगबनी में एक-एक पद एम0बी0बी0एस0 एवं आयुष चिकित्सक का स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में 10 वर्षों से एम0बी0बी0एस0 चिकित्सक नहीं है, केवल आयुष चिकित्सक द्वारा मरीजों का इलाज किया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में एम0बी0बी0एस0 चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

तार-पोल ठीक कराना

*310. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला अन्तर्गत हसली प्रखण्ड के प्रतापपुर पंचायत के हुरियारी गाँव से सिरखिंडी पं०, के बहक्षा, लहुआरा होते हुये सिरखिंडी और संढ़ा एवं लालपुर गाँव तक पिछले वर्ष आँधी-तूफान में बिजली का कुल तार गिर गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि पिछले एक साल से विद्युत् विभाग की लापरवाही से इन दोनों पंचायतों के दर्जनों गाँव बिजली की आपूर्ति से वंचित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में गिरे हुये पोल-तार को ठीककर विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

चालू कराना

*311. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत रजौली विधान-सभा क्षेत्र स्थित अनुमण्डलीय अस्पताल विगत तीन वर्षों से बनकर तैयार है, परन्तु अभीतक चालू नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को जनहित में चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*312. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले में प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा अनुशंसित ट्राँसफॉर्मर को प्रखण्ड बहादुरगंज के पंचायत चिकावाड़ी के वार्ड संख्या 9 टोला डाला सोमलवाड़ी में लगवाना था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ट्राँसफॉर्मर को सही स्थान पर न लगवाकर विद्युत् अनुमंडल पदाधिकारी, बहादुरगंज द्वारा अन्य स्थान पर चुनीमारी पंचायत चिकावाड़ी में लगवा दिया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऐसे दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*313. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के बेलहर प्रखण्डान्तर्गत सूर्यकाना बेलडीहा स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद भवन का निर्माण नहीं हुआ है जिसके कारण मरीजों को समुचित रूप से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सूर्यकाना बेलडीहा स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*314. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णयानुसार शहरी क्षेत्र में जले ट्रांसफॉर्मर 24 घंटे के अन्दर एवं ग्रामीण क्षेत्र के जले ट्रांसफॉर्मर 72 घंटे में बदलने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर विधान-सभा में सेमरिया, ओफपट्टी, खुटहा पंचायत के विशुपुर, सरैया, दामोदरपुर सहित दो दर्जन जगहों के ट्रांसफॉर्मर विगत 6 महीनों से जला होने के चलते विद्युत् आपूर्ति संबंधित गाँवों में बन्द है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

निर्माण कराना

*315. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखण्ड के सेठना महतो टोला में स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण हेतु जमीन रजिस्ट्री की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जमीन पर स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों नहीं ?

---------

कार्रवाई करना

*316. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बेनीपट्टी अनुमण्डल में अवस्थित भाड़े के मकान में संचालित विद्युत् अवर प्रमण्डल पदाधिकारी कार्यालय द्वारा 11 (ग्यारह) वर्ष से मकान भाड़े का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अविलम्ब उक्त बकाया मकान भाड़े का भुगतान करते हुये दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---------

मरम्मती कराना

*317. श्री राजकुमार राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत बिथान प्रखण्ड के प्रा० स्वा० उप-केन्द्र, वनभौरा का भवन विगत 15 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो मरम्मती हेतु सरकार की क्या योजना है ?

टाँसफॉर्मर बदलना

*318. श्री राम नारायण मंडल--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के बाँका प्रखंड के गौरीपुर, रतौठिया, छत्रपाल, फकना, लीलागौडा, कझिया, कुरावा, जोगीडीह एवं मटुकचक गाँव में विगत एक वर्ष से ट्राँसफॉर्मर जला पड़ा है;

(2) क्या यह बात सही है कि इसी जिला के बाराहाट प्रखंड के सुगिया, खिड्डी विक्रमपुर मोड़, नगरी, केनुआटीकर, सिमरिया एवं बाबूडीह गाँव में भी विगत एक वर्ष से ट्राँसफॉर्मर जला पड़ा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त जले पड़े ट्राँसफॉर्मरों को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

औचित्य बतलाना

*319. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के गुड़ी पंचायत के जियंनग गाँव में प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र 10 वर्षों से चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में वर्ष 2012 में उत्क्रमित करने की सरकार की योजना थी लेकिन अभीतक उत्क्रमित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

पटना :
दिनांक 26 दिसम्बर, 2014 (ई०) ।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि० स० मु० (एल० ए०), 124--डी०टी०पी०-450